हाड़ौती का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

# दैनिक पैंतरा

राजकीय विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

बारां व झालावाड से प्रकाशित, कोटा व बून्दी से प्रसारित

E-mail :- pentranews@gmail.com

वर्ष 07 अंक 019 | झालावाड़, गुरुवार 13 फरवरी 2025 | RNI NO. RAJHIN/2019/78056 | पोस्ट रजि. नं. JHALAWAR/07/2023-25 | पृष्ठ 4 मूल्य 2 रु.

## मनोहरथाना के पटवार हल्का व पिण्डोला का पटवारी 4,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**पैंतरा न्यूज**

**झालवाड़ 12 फरवरी।** झालावाड़ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा आज कार्यवाही करते हुये रामनिवास बैरवा पटवारी पटवार हल्का पिण्डोला तहसील मनोहरथाना जिला झालावाड को परिवादी से 4,000 रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की झालावाड़ चौकी को परिवादी द्वारा 11फरवरी 25 को शिकायत दी गई कि, प्रार्थी पिछले 10 साल से चारागाह भूमि पर खेती करता आ रहा है, जो करीब 2.5 बीघा है, जिसका सरकार की तरफ से जुर्माना आता था, जिसको प्रार्थी समय पर जमा करवा देता था। पिछले दो साल से जमीन का जुर्माना आना बन्द हो गया, तो परिवादी पिण्डोला हल्का के पटवारी श्री रामनिवास से मिला तो उसने जुर्माना चालू करने की एवज में 5,000 रूपये रिश्वत मांग कर एक हजार रूपये पूर्व में प्राप्त किये तथा 4,000 रूपये रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। इस पर 11 फरवरी 2025 को रिश्वत मांग का सत्यापन करवाये जाने पर परिवादी से आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना प्रमाणित पाया गया। जिस पर बुधवार को ट्रेप कार्यवाही की गई कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीना द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपी रामनिवास बैरवा पटवारी पटवार हल्का पिण्डोला तहसील मनोहरथाना जिला झालावाड़ को परिवादी से 4,000 रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

## औद्योगिक क्षेत्रों के समावेशी विकास के लिए प्रयास करें: जिला कलक्टर

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 12 फरवरी।** जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।



बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों के समावेशी विकास के लिए हर संभव प्रयास करें, इससे जिले को प्रगति के पथ पर चलने की राह प्रशस्त होती है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित किसी भी समस्या का सकारात्मकता के साथ समाधान हो।

बैठक में जिला कलक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर में विभिन्न परिवारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाने पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को मौके पर जाकर संबंधित परिवारों के साथ समझाइश कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने चन्द्रावती ग्रोथ सेन्टर में सुलभ कॉम्पलेक्स निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए इसकी क्षमता वृद्धि हेतु नगर परिषद् एवं उद्योग संघ के प्रतिनिधियों के साथ पुनः सर्वे करवाने के निर्देश दिए। वहीं चन्द्रावती ग्रोथ सेन्टर में अतिक्रमण कर गुमटियां एवं सब्जी की दुकाने लगाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश रिको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को दिए। इस दौरान उन्होंने भवानीमण्डी में कोटा स्टोन यूनिट के वेस्ट मटेरियल हेतु डम्पिंग यार्ड बनाने के लिए स्थानीय सरपंच के साथ समन्वय स्थापित कर जमीन का चयन करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर झालरापाटन में आवासीय एवं व्यावसायिक सप्लाई को अलग–अलग फीडर से जोड़ने, औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर झालरापाटन में डम्पिंग यार्ड के सीमांकन, झालावाड़ कोटा स्टोन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन में डम्पिंग यार्ड से एकत्रित शुल्क के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने, रिको औद्योगिक क्षेत्र झालावाड़ में द्वितीय फेज में रोड़ लाइट लगवाने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस दौरान औद्योगिक संघों एवं इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भी औद्योगिक क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं से जिला कलक्टर को अवगत कराया। जिसमें ग्रोथ सेन्टर झालरापाटन में रोड़ साइड पर बिजली के तार झूलने एवं औद्योगिक क्षेत्रों में आए दिन चोरी की वारदात होने की समस्या बताई गई जिनके निस्तारण के लिए जेवीवीएनएल के अधिशाषी अभियंता को झूलते तारों को सही करवाने एवं चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने हेतु पुलिस विभाग के माध्यम से कार्यवाही करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही औद्योगिक संघों एवं इकाइयों के प्रतिनिधियों द्वारा ग्रोथ सेन्टर में खाली जमीन पर वेयरहाऊस बनवाने एवं तालाब गहरीकरण का कार्य करवाने का सुझाव भी दिया गया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, चन्द्रावती ग्रोथ सेन्टर औद्योगिक क्षेत्र ऐसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सोहन सिंह शक्तावत, कोटा स्टोन स्माल स्केल इण्ड. झालावाड़ के अध्यक्ष विशाल मित्तल, कोटा स्टोन इण्ड. ऐसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह तंवर, कोटा स्टोन स्माल स्केल इण्ड. भवानीमण्डी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कोटा स्टोन ऐसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अनवर हुसैन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अमृतलाल मीणा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक वी.के. विजय सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सायबर ठगों ने खाते से 99400 रुपये उड़ाए

**पैंतरा न्यूज**

**चौमहला 12 फरवरी।** गंगधार थाना क्षेत्र के गांव साकरिया निवासी महिला खुशी बाई गोपाल राठौर के फोन पर से खाते से 99400 रुपये की ठगी हो गई थी जिसकी शिकायत सायबर हेल्प लाइन 1930 व गंगधार थाने मैं पर की थी ,जिस पर आज इनके खाते में ठगी की गई राशि वापस आ गई।

थानाधिकारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि साकरिया निवासी खुशी बाई ,पत्नी गोपाल राठौर के फोन पे से दिनांक 7 व 8 फरवरी को अलग अलग किस्तों में 99400 रुपये की ठगी हो गई थी ,जिसकी सूचना परिवादी पक्ष ने सायबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर वं पुलिस थाने पर दी गई थी ,जिस पर साइबर एक्सपर्ट कांस्टेबल भीकम सिंह को जांच दी गई थी , जिन्होंने बैंक व हेल्प लाइन से संपर्क किया उनके परिश्रम व अथक मेहनत से आज मात्र 5 दिनों में ही उनकी सायबर ठगों द्वारा खाते से उड़ाई गई 99400 रुपये की राशि वापस खाते में आ गई। जिस पर परिवादी गोपाल राठौर द्वारा पुलिस की तत्वरित कार्यवाही की प्रशंसा करते हुवे थाना अधिकारी व भीकम सिंह कांस्टेबल का आभार व्यक्त किया ।

## शहर पुलिस ने की केंद्रीय कारागृह में औचक सघन चैकिंग



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** कोटा शहर पुलिस द्वारा केन्द्रीय कारागृह कोटा में औचक सघन चैकिंग की गई।

सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि आज बुधवार 12 फरवरी 25 को सांय 04.35 बजे से सांय 05.10 बजे तक केन्द्रीय कारागृह कोटा में अनिल कुमार सिंघल, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) कोटा एवं दिलीप कुमार सैनी, अति. पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर के निर्देशन में योगेश शर्मा, वृत्ताधिकारी, वृत्त प्रथम कोटा शहर,मनीष शर्मा, वृत्ताधिकारी वृत्त चतुर्थ कोटा शहर, हरिराम सोनी, पुलिस उप अधीक्षक एससी/एसटी सैल, कोटा शहर एवं कोटा शहर के 20 थानाधिकारीगणों सहित राजेन्द्र कुमार, जेल अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह कोटा, धारा सिंह, कार्य. उप अधीक्षक एवं कारापाल, हरिकेश मीणा, कारापाल व सुश्री फरजाना बानो,कार्य.उपकारापाल, महिला बंदी सुधार गृह समेत 200 पुलिस/ जेल कार्मिकों द्वारा केन्द्रीय कारागृह कोटा के बंदियों के सामान,बैरिक, लंगर, अस्पताल, हार्डकोर वार्ड की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से गहनता से संयुक्त रूप से सघन तलाशी ली गई।

सघन चैकिंग एवं तलाशी के दौरान कारागृह एवं बंदियो के पास कोई अवैध /निषिद्ध सामग्री बरामद नही हुई।

## मेगा क्रेडिट लिंकेज में 177 समूहों को 5 करोड़ 25 लाख का किया ऋण वितरण

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 12 फरवरी।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् के तत्वावधान में राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई जयपुर के निर्देशानुसार जिले में मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन कर कुल 177 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 25 हजार की राशि का ऋण वितरण किया गया।

जिला परियोजना प्रबंधक के.एम. वर्मा ने बताया की उक्त ऋण वितरण का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस हेतु विभिन्न बैंकों जैसे एसबीआई, बीआरकेजीबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, आईसीआईसी आई, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया आदि का सहयोग रहा। यह महिलाओं के उत्थान एवं गरीब परिवारों को आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार की एक महत्वाकांशी योजना है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की कुल 2325 महिलाएं इस ऋण से लाभांवित होंगी।

## तहसील मनोहरथाना में आज आयोजित होगा उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर

**झालावाड़ 12 फरवरी।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार फरवरी माह के द्वितीय गुरूवार 13 फरवरी को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय मनोहरथाना के वीसी रूम में प्रातः 10 से सायं 4.30 बजे तक उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त अन्य उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर संबंधित उपखण्ड अधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित किए जाएंगे। उक्त शिविरों में तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## 36 लाख की लूट के दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** गुमानपुरा थाना पुलिस ने पुलिस वर्दी पहन कर 36 लाख रुपयों की लूट करने वाले फरार दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस अब तक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन, ने बताया कि 25 नवंबर 24 को फरियादी ने उपस्थित थाना होकर दर्ज कराया कि मैं कोटा में टीचर्स कोलोनी गुमानपुरा में रहता हूं टीचर्स कोलोनी में गुजरात के और व्यक्ति भी रहते है। जिनका मैं खाना बनाता हूं। आज 25 नवंबर 24 को समय 4.16 PM के करीब मै मेरे किराये के मकान में सो रहा था उस समय तीन व्यक्ति मेरे पास आये व मेरे से कमरे का गेट खुलवाया मैने गेट खोला तो दो व्यक्तियो ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी व एक व्यक्ति सादा कपडो में था मेरे को बाल पकड़ कर कहा कि आप लोग ड्रग्स बेचते हो और कमरे की तलाशी लेने लगे आलमारी में काला रंग का कपडे का बैग रखा था जिसमे कुल छत्तीस लाख रुपये करीब थे बैग में मेरी आईडी (आधार कार्ड) भी था मेरे दो चाटे मारे मेरे को व छत्तीस लाख से भरा हुआ बैग को लेकर मेरे कमरे से बाहर ले आये एक व्यक्ति बाहर था।

वहीं पर स्वीफ्ट गाडी खडी थी मेरे को गाडी में बैठा लिया और गाडी में मेरे को लेकर चले गये स्वीफ्ट डिजायर का ग्रे कलर था मेरे को रावतभाटा रोड फोर लाइन से पहले पेट्रोल पंप के पास गाडी से नीचे उतार दिया पैसो से भरा हुआ बैग और मेरी सिम जियो कंपनी मोबाईल से निकालकर की थी ले गये मैं पैदल पैदल वापस टीचर्स कोलोनी गुमानपुरा आया। उक्त 36 लाख रूपये अजय के थे।

इस पर प्रकरण दर्ज कर प्रकरण में वांछित मुल्जिमन की गिरफ्तारी के क्रम में अनिल कुमार टेलर पु. नि, के नेतृत्व में टीम गठन करते हुए प्रकरण में वांछित मुलजिमान राहुल गुप्ता उर्फ नकटा पुत्र राकेश उम्र 34 वर्ष निवासी डी–3–19/5 रामा विहार नई दिल्ली, कमलजीत पुत्र जसविन्दर उम्र 33 वर्ष निवासी आरजेडक्यू 120 निहाल विहार दिल्ली को तिहाड़ जेल रोहिणी दिल्ली से प्रोडेक्शन वारंट पर 11 फरवरी 25 बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। जिनसे प्रकरण में गहनता से अनुसंधान किया जाकर बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उक्त मुल्जिमों को शिनाख्तगी कार्यवाही हेत्तु सेन्ट्रल जेल कोटा में दाखिल कराया गया। पूर्व में मुलजिमान अमित भाई व संजीव चौपडा उर्फ शेरा को गिरफ्तार कर केन्द्रीय कारागृह कोटा में दाखिल कराया गया था। प्रकरण में अब तक 04 मुलजिम गिरफ्तार किये जा चुके है।

## निःशुल्क आउचरीच चिकित्सा कैंप में 74 मरीजों को परामर्श

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के निर्देशन में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविंद नगर की ओर से वार्ड 11,काली माता मंदिर सूर्य नगर मे निःशुल्क आउटरीच चिकित्सा एव परामर्श शिविर लगाया गया।

कैम्प में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. परवेज खान, फिजिशियन डॉ. हिदायत पठान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. टीसी आचार्य ने सेवाएं दी। कैंप प्रभारी गिरीश शर्मा ने बताया कि कैम्प में 74 मरीजों को निःशुल्क परामर्श व दवाईयां दी गई। शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण भी किया गया। आभा आईडी,मां वाउचर योजना,आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी व मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

## अभिभाषक परिषद चौमहला ने डीएसपी के खिलाफ लिया निंदा प्रस्ताव

### न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार,मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**पैंतरा न्यूज**

**चौमहला 12 फरवरी।** उन्हेल थाना क्षेत्र के चोरबर्डी गांव में शादी समारोह में चौमहला बार अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट के मामले में चौमहला बार के अधिवक्ता लामबंद दिखाई दिए। अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए गंगधार डीएसपी के खिलाफ भी निंदा प्रस्ताव लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को चौमहला बार का एक प्रतिनिधि मंडल अधिवक्ता के साथ मारपीट के मामले में गंगधार वृताधिकारी से मुलाकात करने पहुंचा था इस दौरान गंगधार डीएसपी अधिवक्ता के साथ हुई घटना को व्यक्तिगत घटना करार दिया और कहा कि अधिवक्ता द्वारा भी पुलिस के खिलाफ न्यायालय में परिवाद पेश कर रखा है जो सही नहीं है, पुलिस और वकील को मिल कर चलना चाहिए, ओर पुलिस का देरी से पहुंचने के पीछे भी यही कारण रहा।

साथ ही डीएसपी ने ऐसे कई उदाहरण पेश किए जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ कार्यवाही करता है तो उसके क्या क्या दुष्परिणाम हो सकते है। अधिवक्ताओं ने बताया कि डीएसपी के वक्तव्य से स्पष्ट होता है कि वह पूर्वाग्रह से पीड़ित होने के साथ साथ अधिवक्ताओं के प्रति द्वेषता रखते है।

जिससे खफा होकर अधिवक्ता ने बुधवार को दिन भर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया ओर मुख्य मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चौमहला बार के समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

**झालावाड़ 12 फरवरी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग के आवेदन प्रारम्भ हो गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि संबंधित छात्र– छात्राएं विभाग के पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## कोटा के युवा सिद्धार्थ चतुर्वेदी की फिल्म ‘अजाब’ का फिल्म फेस्टिवल में चयन

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** कोटा के प्रताप नगर दादाबाड़ी निवासी सिद्धार्थ चतुर्वेदी की फिल्म ‘अजाब’ का फिल्म फेस्टिवल में चयन हुआ है। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि अजाब फिल्म उनके द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। इसमें भारतीय समाज में बढ़ते छेड़छाड़ और बलात्कार के मामलों पर गहरी टिप्पणी और महिला सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर किया गया है।



सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि यह फिल्म उनके द्वारा लिखित और निर्देशित की गई है। इसमें भारतीय समाज में बढ़ते छेड़छाड़ और बलात्कार के मामलों पर गहरी टिप्पणी के साथ महिला सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर किया गया है। फिल्म में सिनेमैटोग्राफी और संपादन का कार्य अक्षय शर्मा ने किया जबकि संगीत निर्देशन का कार्य अभिमन्यु सिंह ने संभाला साथ ही कलाकार शैली शर्मा, रौनक माहेश्वरी, अक्षिता पंचोली,देवेंद्र खटाना और शरद गुप्ता ने इसमें अपना अहम योगदान दिया।

सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि 9 घंटे की सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी के बाद अपने आत्मविश्वास और जुनून से कैमरे और स्क्रीन प्ले के जरिए अपने सपनों को आकार दे रहे हैं।

## संत रविदास जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली



**चौमहला 12 फरवरी।** संत रविदास जयंती के अवसर पर बुधवार को कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रदालुओ ने भाग लिया।

बेंडबाजो के साथ कस्बे के रविदास मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी,शोभायात्रा में महिलाएं कलश लिए चल रही थी तो युवा डीजे व ढोल की थाप पर थिरकते हुए चल रहे थे जुलूस में सन्त रविदास व गंगा माता की झांकी भी शरीक थी।

शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस रैदास मन्दिर पहुची जहां महाआरती व भण्डारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाबूलाल वर्मा,मुकेश वर्मा, भुवान लाल,जगदीश वर्मा, गणेश राम, ब्रदीलाल, रविदास मण्डल सहित चौमहला,गंगधार, ढाबला, खुर्चनीया, कुंडला, विलावली सहित आसपास गावो के समाज के लोग मौजूद थे।

## जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोपी को 5 वर्ष का कारावास

**कोटा,12 फरवरी।** जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पांच वर्ष का कारावास एवं 15500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है।

प्रकरण के अनुसार 9 मार्च 2011 को परिवादी कल्याण सिंह द्वारा पुलिस थाना विज्ञान नगर, कोटा पर एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की प्रस्तुत की गई कि 8 मार्च 2011 को रात्रि 8.30 बजे अपने बच्चे को छत्रपुरा कॉलोनी डॉक्टर को दिखाने जा रहा था तभी उनके मोहल्ले का रहने वाला तौफिक मिला, जो लाल रंग की पेशन मोटरसाईकिल पर था, उसके पीछे शंकर एवं एक अन्य था तथा दो तीन मोटरसाईकिल उसके साथ और भी थी जिस पर अन्य लोग बैठे थे। इन लोगों ने उसे गली के कोने पर सोनू किरान स्टोर के सामने जाते हुए को रोका व तौफिक ने कहा कि तू भोजराज का दोस्त है, भोजराज की वजह से वह पहले थाने में बंद हो गया था, इस समय इसके दो हजार रुपए खर्च हो गए, तेरे से लेकर छोडूंगा, यह कहते हुए तौफिक से अपने पास की पिस्तौल निकालकर उसे जान से मारने की नियत से उसके सीने के बराबर निशाना साधकर गोली चलाई, यह एकदम साइड में हट गया, गोली उसके साइड से निकल गई, इतने में उसका दोस्त भोजराज व मुकेश चौधरी व अन्य लोग आए, जिनको देखकर तौफिक मोटर साईकिलो से संजय नगर हनुमान मंदिर की तरफ भाग गए। भागते हुए तौफिक ने कहा कि तेने रिपोर्ट करा दी तो तुझे जान से मार दूंगा। उसके डर के वह रिपोर्ट कराने नहीं आया। उसके दोस्तों ने समझाया कि अगर रिपोर्ट नहीं कराई तो उसके साथ ये लोग फिर घटना कर सकते है।

इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना विज्ञान नगर, कोटा में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 156/2011 अपराध अन्तर्गत धारा 143, 341, 307 भारतीय दण्ड संहिता में पंजीबद्ध किया जाकर आवश्यक अनुसंधान अभियुक्त तौफिक अली के विरुद्ध धारा 147, 341, 307 सपठित धारा 149 भारतीय दण्ड संहिता एवं धारा 3/25 आयुध अधिनियम तथा अन्य सह अभियुक्त गण के विरुद्ध 147, 341, 307 सपठित धारा 149 भारतीय दण्ड संहिता के तहत आरोप पत्र पेश किया गया। न्यायालय के द्वारा मुलजिम तौफिक अली को धारा 147, 341, 307 अथवा 307 संपठित धारा 149 भारतीय दण्ड संहिता एवं धारा 3द25 आयुध अधिनियम के तहत ही आरोप पृथक से विरचित कर सुनाए।

# जिले के किसान एप से अब स्वयं कर रहे रबी गिरदावरी

## ई–गिरदावरी करने की प्रक्रिया आसान, किसानों की राह हुई आसान

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 12 फरवरी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार और जिला कलक्टर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री की बजट घोषणा अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा किसानों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से किसानों को स्वयं द्वारा गिरदावरी करने के प्रावधान किए गए है। जिसके अन्तर्गत इस बार रबी गिरदावरी संवत 2081 का कार्य 01 जनवरी से प्रारंभ किया गया था। काश्तकार द्वारा अपने मोबाइल में गुगल प्लेस्टोर के माध्यम से राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर अपने जन आधार से लॉगिन कर ई–गिरदावरी कार्य किया जा सकता है। रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि बारां जिले के समस्त काश्तकार राज किसान गिरदावरी एप का अधिक से अधिक उपयोग कर अपनी रबी फसल की गिरदावरी खुद करें।

ताकि काश्तकार की पटवारी पर निर्भरता नहीं रहे एवं फसल का सही आंकलन होकर गिरदावरी कार्य समय पर पूर्ण हो सके। जिन काश्तकारों के खेत में किसी प्रकार की फसल नहीं है तो भी निल फसल (कोई फसल नहीं है) को सलेक्ट करते हुए गिरदावरी सबमिट करें। सबसे पहले संबंधित ग्राम के पटवारी को अपना जन आधार भिजवाकर जन आधार अपने खसरे के साथ सीडिंग करना होगा। जिसके बाद राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड किया जाकर अपने जनआधार से एप लॉगिन किया जाना होगा। आधार से जुड़े मोबाइल नम्बर पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा, जिससे वेरिफाई होने के बाद ऐप लॉगिन हो जाएगा।

उसके बाद फसल विवरण जोड़ें पर क्लिक करना है। फिर ऊपर की साईड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आयेगा, उस पर क्लिक कर अपना जिला सलेक्ट कर आगे बढ़ना होगा। जिसके पश्चात् अपने खेत का खसरा नम्बर प्रदर्शित होगा उस पर कैलिब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हेक्टेयर में अंकित करना होगा।

इसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्रोत तथा फलदार पेड़ है तो उनकी संख्या इत्यादी अंकित करते हुए खेत–खसरे में जो फसल बो रखी है उसकी साफ–सुधरी फोटो अपलोड करनी होगी। फसल की फोटो साफ सुथरी एवं सही एंगल से अपलोड करनी है ताकि पटवारी स्तर की जांच में फसल की स्थिति स्पष्ट हो सके। उक्त प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, यहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा। सबमिट के ऑप्शन पर क्लिक करने पर काश्तकार द्वारा की गई गिरदावरी सबमिट होते हुए, पंजीकरण संख्या प्राप्त हो जाएगी।

**गिरदावरी करते समय ध्यान देने योग्य मुख्य बिन्दु**

1. एक खाते में एक से अधिक खातेदार होने की स्थति में किसी भी एक खातेदार द्वारा संपूर्ण खसरे की गिरदावरी करें।

2. एक खसरे में एक से अधिक फसल है तो एक से अधिक फसल की गिरदावरी सबमिट करनी होगी।

3. गिरदावरी करते समय फसल के साथ खुद की सेल्फी फोटो की आवश्यकता नहीं है।

4. गिरदावरी सबमिट से पहले भली भांति देखले की गिरदावरी से संबंधित समस्त विवरण सही है या नहीं। क्योंकि गिरदावरी एक बार सबमिट करने के बाद काश्तकार उस गिरदावरी में किसी प्रकार का एडिट नहीं कर पायेंगे। किसी प्रकार के एडिट की आवश्यकता रहे तो पटवारी से सम्पर्क कर वांछित एडिट करवाया जा सकता है।

**ई–गिरदावरी के फायदे –** किसानों द्वारा स्वयं गिरदावरी करने से गिरदावरी कार्य में पटवारी स्तर पर निर्भरता कम रहेगी एवं वास्तविक फसल की गिरदावरी करना सम्भव हो सकेगा। साथ ही फसल का अंकन समुचित रुप से हो पाएगा।



# आ गई बसंत बहार लेकर उमंगो का त्यौहार

**पैंतरा न्यूज।**

**छीपाबड़ौद 12 फरवरी।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला मंडल द्वारा बसंत उत्सव बड़ी धूमधाम से चौथ माता मंदिर परिसर में मनाया गया। जहां परिसर को पीले रंग के फूलों से सुसज्जित किया गया। शाखा अध्यक्ष सीमा जैन ने बताया की बसंत थीम पर सभी ने पीले वस्त्र पहने और मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की। महामंत्री शोभा गर्ग ने तिलक लगाकर सबका स्वागत किया। संयोजिका अर्पणा दूदानी ने हाउजी गेम खिलाया। जिसमें प्रथम रानू मंगल रही, वहीं दूसरी श्रृंखला में सांस्कृतिक मंत्री अंजना दुदानी ने 1 मिनट गेम खिलाए जिसमें प्रथम रानू मंगल और दूसरे स्थान पर कविता बिंदल रही। बसंती रंग में मिल जुलकर सभी ने अल्पाहार का आनंद लिया। इस अवसर संयोजिका रानू मंगल, उपाध्यक्ष नीलीमा गोयल, सचिव दीपा जैन, संगठन मंत्री अनुपमा जैन, क्रीडा मंत्री गुंजन मंगल कोषाध्यक्ष किरण गुप्ता नीलिमा काकानी रिंकू मित्तल निरंजना जैन संगीता मित्तल कृष्ण गोयल लीला गर्ग उषा गर्ग राजेश मित्तल नीलम विजय संगीता काकानी संतोष मंगल अनुसूया सोगानी टीना जैन अर्चना सोगानी ज्योति दुदानी आदि संगठन की मातृ शक्ति ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने एवं वैश्य मातृशक्ति को मजबूत बनाकर सेवा कार्य करने का प्रण लिया गया।

# प्रजापति विकास समिति की बैठक में विवाह सम्मेलन करने पर की चर्चा



**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 12 फरवरी।** प्रजापति विकास समिति की बैठक बुधवार रात को चौमुखा बाजार स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में परिसर में देशी प्रजापति चौरासी पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश अपरोतिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी मनीष प्रजापति ने बताया कि बैठक में मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष जानकीलाल बारवाल ने मंदिर के निर्माण कार्यप्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें समाज की आराध्य देवी श्रीयादें मां, भगवान श्रीराधाकृष्ण, श्रीकंकाली माता व शिव परिवार प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। कोषाध्यक्ष उमेश बहेनिया ने बताया कि बैठक में इस वर्ष भी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर विचारविमर्श किया गया। जिसकी तिथि एवं दिनांक तय करने के लिए चौरासी पंचायत की बैठक जल्द ही बुलाई जाएगी। सम्मेलन की बचत राशि का उपयोग मंदिर निर्माणार्थ कार्य में लिए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में रामस्वरूप सलवाडिया, चौथमल सरोया, जानकीलाल बारवाल, उमेश बहेनिया, हरपाल खंडारिया, मदनलाल बाबरिया, मथुरालाल हाटवा, हंसराज धलवासिया, राजेंद्र बाबरिया, आदि उपस्थित थे।

# मतदान दिवस पर रहेगा सवैतनिक अवकाश

## 14 फरवरी को होंगे पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव

**जयपुर 12 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शुक्रवार, 14 फरवरी को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगें।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आदेश जारी कर पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव के लिये मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पंचायत समिति, सांभर लेक के वार्ड संख्या 13 के सदस्य एवं ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा के वार्ड संख्या 10 के वार्ड पंच एवं पंचायत समिति चाकसू की ग्राम पंचायत थली के सरपंच के उप चुनाव के लिए मतदान तिथि 14 फरवरी को अवकाश घोषित किया गया है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा।

# धाकड़ महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष नागर का किया गर्मजोशी से स्वागत

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 12 फरवरी।** धाकड़ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक नरेंद्र नागर का खानपुर के कँवल्दा पहुंच धाकड़ युवा संघ के जिलाध्यक्ष श्याम नागर व युवा संघ के प्रदेश महामंत्री हिमांशु धाकड़ के नेतृत्व में स्वागत किया व कँवल्दा पहुँच युवा संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा माला, पुष्पगुच्छ व मुँह मीठा करा कर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान प्रवीण चतरपुरा, पार्षद मयंक माथोड़िया, सतीश मंडोला, सुरेश खेराली, रोहित गोठवाल, हरिओम मंडोली, मयंक नागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लगातार कथा में हो रहा रसपान

**पैंतरा न्यूज।**

**छीपाबडोद 12 फरवरी।** अग्रवाल धर्मशाला बगीची में श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन श्री अनिरुद्ध कृष्णा महाराज द्वारा चरित्रों पर बहुत ही सारगर्भित और मधुर वाणी से श्रोताओं को रस पान कराया। जिसमें सभी ब्रजवासियों को बैकुंठ की यात्रा, बेल के रूप में आए राक्षस को मारने से रुष्ठ हुई राधा को मनियारी का रूप धारण करके, चूड़ी वाले बनकर जाना और राधा के आग्रह पर गोर्वधन पर



कुंड का निर्माण और सभी तीर्थो का जल का कुंड में आह्वान करना, मयूर की भक्ति और राधा के प्रेम से अपने मुकुट में मोर पंख लगाना, यमुना किनारे पूर्णिमा को महारास करके कामदेव और गोपियों के राधा के अहंकार को मिटाना, कृष्ण को मारने के लिए कंस द्वारा धनुष यज्ञ में मथुरा बुलाने हेतु अक्रूर जी को भेजना।

कृष्ण बलराम और सखाओ के साथ मथुरा आकर धोबी, दर्जी, माली और चंदन लगाने वाली कूबडी मां को ठीक करना, कंस की धनुष शाला में जाकर हाथी चारण, मुष्टिक, कूट सभी पांच भाई पहलवानों को मारकर कंस को मारना।

माता देवकी वासुदेव को जेल से रिहा करना, संदीपनी गुरु के आश्रम जाकर शिक्षा ग्रहण करके गुरु दक्षिणा में गुरु माता के पुत्रों को वापस लाना। उद्धव जी द्वारा बृज में पत्र लेकर भेजना कृष्ण और गोपियों के अटूट प्रेम दिखाकर अक्रूर जी के ज्ञान का भ्रम तोड़ना, कंस के साले जरासंध को 17 बार हराना, 18 वीं बार जरासंध द्वारा संतो और ब्राह्मणों को युद्ध में आगे करने पर कृष्ण द्वारा योग माया को कहकर द्वारका पूरी का निर्माण और मथुरा वासियों को लेकर द्वारका में प्रस्थान और रणछोड़ का नाम राजकुमारी रुक्मणि का भाई शिशुपाल से विवाह करना चाहता था लेकिन रुक्मणि कृष्ण के गुण सुनकर उनको अपना पति स्वीकारके कृष्ण को पत्र भेजकर बुलाना और कृष्ण द्वारा रुक्मणि का हरण करके विवाह करना जेसे प्रसंग शामिल रहे।

# कृषि पर्यवेक्षक समन्वय समिति ने किया धरना प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 12 फरवरी।** कृषि पर्यवेक्षक समन्वय समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को कार्यालय के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त निदेशक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभी कृषि पर्यवेक्षक एवं पदोन्नत सहायक कृषि अधिकारी एक दिन का अवकाश लेकर सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय परिसर में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां जिलाध्यक्ष कमलप्रकाश मीणा के नेतृत्व में कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। धरने में छीपाबड़ौद से संरक्षक मोहनलाल महावर, सहायक कृषि अधिकारी रामदयाल गोचर, कृषि पर्यवेक्षक छबड़ा कलक्टर के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक सदाकत अली व अंता ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश गोस्वामी आदि ने धरने को सम्बोधित किया। धरना शाम 4 बजे तक चला। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार धनराज मीणा को मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने में अंता, छबड़ा, छीपाबड़ौद, अटरू, शाहाबाद, किशनगंज, मांगरोल, बारां ब्लॉक के कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में शीर्ष नेतृत्व द्वारा मांगों को लेकर राज्य सरकार को पूर्व में ज्ञापन दिया जा चुका है।

# झालावाड रोड ओवर ब्रिज के नीचे एक ट्रक चालक ने गौवंश को रोंदा

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 12 फरवरी।** मंगलवार को झालावाड रोड ओवर ब्रिज के नीचे एक ट्रक चालक ने बेरहमी से एक गौवंश को कुचल दिया, जिससे कि मौके पर ही गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। श्री वासुदेव गौ सेवा समिति ने ट्रक चालक पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पुलिस थाना कोतवाली बारां में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अध्यक्ष मनुज प्रताप व मंत्री यशवंत शर्मा ने बताया कि अटरू रोड व तेलफैक्ट्री रोड आमापुरा के पास ओवर ब्रिज के नीचे अतिक्रमण हो रहा है। जिस कारण रोड संकरे हो गए हैं। इस कारण ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती है। एक ट्रक चालक ने झालावाड रोड ओवर ब्रिज के नीचे गौवंश को ट्रक के नीचे कुचल दिया, जिससे गौवंश की मौके ही मौत हो गई, ट्रक को रविंद्र मीणा निवासी ढोटी (गोवर्धनपुरा) चला रहा था। समिति के पदाधिकारियों ने वाहन चालक व वाहन मालिक पर कडी कार्रवाई करने एवं मौका स्थल से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# किशोर लापता

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 12 फरवरी।** बापचा क्षेत्र निवासी एक किशोर लापता हो गया। जिसे परिजनों ने हर जगह तलाश किया, किन्तु इसका कोई सुराग नही लगा। जानकारी अनुसार बापचा थाना निवासी माणकचौक निवासी मोहित लोधा (15) पुत्र जगदीश लोधा, जो यहां के मारुति नगर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। यह अभी कक्षा 10वी में अध्ययनरत है। जो मंगलवार को सुबह 11 बजे से कमरे से बिन बताए लापता हो गया। यह किशोर मानसिक रूप से कमजोर भी बताया जा रहा है।



# शायर सलाम मुज्तर की 'कोई किस्सा छेड़ दे' पुस्तक का भव्य विमोचन

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 12 जनवरी।** कस्बे के निवासी शायर अब्दुल सलाम मुज्तर द्वारा लिखी गई पुस्तक कोई किस्सा छेड़ दे का मंगलवार रात्रि को एक निजी होटल में विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस निजामुद्दीन खान रहे। पूर्व पार्षद हस्सान खान व रहीम खान ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छबड़ा पेंशनर संघ अध्यक्ष हरीश पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कवि रामकरण मेहताए दयाल परमार व देवेंद्र सिसोदिया ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर शायर सलाम मुज्तर ने भी अपनी किताब से उपस्थित श्रोताओं को गजल और शेरो शायरी सुनाकर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि खान ने कहा कि उनकी रचनाओं की वजह से छबड़ा कस्बे को पूरे देश में पहचान मिली है और अध्यक्षता कर रहे रिजवान एजाजी ने कहा कि साहित्य की दुनिया में छबड़ा का नाम हमेशा रोशन रहा है और उसमें चार चंद लगाने का काम शायर सलाम मुज्तर कर रहे हैं। सभी अतिथियों का स्वागत अबुल कलाम ने किया। कार्यक्रम में एडवोकेट सईद फारूकी, माजिद तिलक, पवन कुमार मीणा, पूर्व पार्षद शाकिर खान, आदिल सालारगाजी, अमजद राइन, बुलंद इकबाल, सदर साजिद खान, शराफत अंजान, आसिफ इकबाल, अयाज फारूकी, हाफिज शेरा, अब्दुल हादी खान, ताहिर खान, शकील खान, इमरान खान, मुजाहिद वहाब, आमिर सिद्दीकी, वली अहमद, मनीष मालव, राजा रॉयल, शाकिर चांवलखेड़ी, इरफान आदि मौजूद थे।

# सर्व समाज छात्रावास संघर्ष समिति बारां की बैठक 16 को

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 12 फरवरी।** सर्व समाज छात्रावास संघर्ष समिति की बैठक 16 फरवरी, रविवार को दोपहर 12 बजे के करीब अध्यक्ष विक्रम सिंह रहलाई की अध्यक्षता में कोटा रोड पब्लिक पार्क में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष विक्रम सिंह रहलाई ने बताया कि ज्ञात हुआ है कि मेलखेडी तिराहे के पास नगर परिषद की ओर से सर्व समाज के छात्रावास के लिए भूमि आबंटित की थी, उस जमीन पर अतिक्रमियों व भूमाफियाओं द्वारा मिटटी की खुदाई कर 30 से 40 फीट गहरे करके जमीन को खोखला कर रहे हैं। इस संदर्भ में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय के लिए बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी समाज के छात्रावास अध्यक्षों से रविवार को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।


maashardabaran@gmail.com

अब आपके शहर बारां में सभी प्रकार की डिग्री, डिप्लोमा एवं अन्य कोर्स करने हेतु सम्पर्क करें।

10वीं फैल, 11वीं करें

12वीं फैल BA Com, BSC करें

Director M. 94133-54183

Acharya Bhagchand Nager 73398-54183

MAA SHARDA

Sr. Sec. Public School Nakoda Colony Baran (Raj)

G.N.M D. Pharmecy DMLT

B.Sc. Nursing B.Phamecy Course

मान्यता प्राप्त सरकारी एवं प्राईवेट यूनिवर्सिटी से Distance Learing Course

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.Ed. | B.A. | M.A. | B.Lib. | B.C.A. | PGDCA |
| M. Ed. | B.Sc. | M.Sc. | M.Lib. | B.B.A. | YOGA |
| B.S.T.C. | B.Com. | M.Com | D.Lis. | M.C.A. | B.P.Ed |

DAESI खाद, बीज व पेस्टीसाईड डीलरशिप व दुकान लगाने हेतु

-:परामर्श के लिये सम्पर्क करें:-

आचार्य भागचन्द नागर

मां शारदा सी.सैकण्डरी स्कूल

नाकोड़ा कालोनी तेलफैक्ट्री बारां











दैनिक पैंतरा

# विकसित भारत की नींव आधार है, केन्द्रीय बजट: गोपाल कृष्ण अग्रवाल

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट की परिचर्चा को लेकर, बुधवार को कोटा में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदीजी के स्वप्न के विकसित भारत निर्माण की नींव है प्रस्तुत बजट। जिससे जब भारत अपना 100 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, तब भारत में जीरो गरीबी हो। भारत गरीबी की समस्या से मुक्त होकर पूर्ण विकसित देश बनें।'

इस अवसर पर मंचस्थ रहे रेड क्रॉस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, मीडिया कोटा संभाग संयोजक अरविंद सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तोड़ा, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मयंक सेठी। स्वागत जिला अध्यक्ष राकेश जैन नें किया और संचालन मीडिया संभाग संयोजक अरविंद सिसोदिया नें किया।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए बहुअयामी लक्ष्य तय करके, पूरी जबाब देही से कार्यो को पूरा करने की रणनीति से मोदीजी की सरकार काम कर रही है। जिससे भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बनें। उन्होंने बताया कि मोदीजी की सरकार नें बजट में कर प्रणाली को आसान किया है और मध्यमवर्ग को बड़ी राहत दी है।

अग्रवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज और व्यवस्थित गति से आगे बढ़ रही है। जिसकी जीडीपी दर विश्व में सबसे तेज है। वहीं विदेशी मुद्रा भंडार में हम आत्मनिर्भर हैं, इतिहास का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में भारत के पास है। देश अपनी सभी आयात जरूरत को पूरा करने में आत्मनिर्भर है, सक्षम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन आत्मनिर्भर भारत 2047 के लिए वर्तमान बजट में चार ग्रोथ इंजन तय किए गए हैं यह है कृषि, लघु उद्योग, निवेश और निर्यात। जिन पर विशेष फोकस करके देश की प्रगति को नई ऊंचाई प्रदान करने की कोशिश की जाएगी।

राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल नें कहा कि भाजपा की मोदी सरकार पूर्ण लक्ष्य प्राप्ति की दृष्टि से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की पद्धति से जमीनी स्तर तक प्रतिबद्धता पूर्णता से कार्य संपादित कर रही है।

अग्रवाल ने कहा कि इस बजट के माध्यम से मोदी सरकार ने 6 प्रमुख कार्य चुने हैं जिससे देश में व्यवस्थाओं का सरलीकरण और विकास कार्यो में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि कर प्रणाली का सरलीकरण किया जा रहा है, आयकर प्रावधानों में छूट के नए प्रावधानों से मध्यम वर्ग एवं सभी आयकरदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। वही कॉर्पोरेट कर और जीएसटी में भी राहतपूर्ण तरीके से व्यवस्थित किया गया है, उनकी दरें कम की गई।

वहीं सरकार अर्बन डेवलपमेंट पर पूरा जोर दे रही है इसमें संसाधन और सुविधाओं के निर्माण से लेकर पर्यटन विकास तक की एक विस्तृत श्रंखला है। इसी तरह से




सरकार ने कानून सुधार पर भी व्यापक ध्यान दिया है 1400 गैर जरूरी कानून भारत सरकार खत्म कर चुकी है और 100 अन्य गैर जरूरी कानून खत्म करने के लिए चिन्हित हैं। इसी तरह सरकार ने वित्तीय निवेश, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष विस्तार का लक्ष्य रखा हुआ है। जिससे स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान को केंद्रीय बजट से सभी प्रकार की घोषणाओं एवं योजनाओं और कल्याणकारी कार्यो का जमीनी स्तर तक लाभ प्राप्त होगा। वहीं केंद्र के बजट में नए एयरपोर्ट, नए टूरिज्म सेंटर, जल जीवन मिशन, नेशनल हाईवे, पावर सेक्टर , रेलवे जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी अतिरिक्त निवेश का लाभ मिलेगा। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सन 2047 के विकसित भारत के सपने को लेकर केंद्रीय बजट की घोषणा की गई है। बजट में समाज के सभी वर्गो,सभी विषयों को ध्यान रखते हुए बहुत ही शानदार बजट प्रस्तुत किया गया है जिसकी तारीफ चहुओर से हो रही है।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड

# राजस्थान के लगभग 77 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 (सत्र 1) में हासिल किये 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा12 फरवरी।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE) मेन्स 2025 (सत्र 1) में एक असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। राजस्थान के 77 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है।

शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में जयपुर से गौरव लांबा ने 99.92 पर्सेंटाइल, गौरव सिंह शेखावत ने 99.90 पर्सेंटाइल, लक्ष्य ने 99.84 पर्सेंटाइल और हार्दिक जैन ने 99.82 पर्सेंटाइल हासिल किए। वहीं, बीकानेर के श्रीधर शर्मा ने 99.88 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, जबकि श्रीगंगानगर के यश गुप्ता ने 99.86 पर्सेंटाइल हासिल किए। उल्लेखनीय है कि कोटा के प्रतीक बाजपेयी ने फिजिक्स में पूरे 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए।

यह परिणाम देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों की मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को परिणामों की घोषणा की, जो इस साल के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का संकेत है।

इन छात्रों में से अधिकांश ने आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में भाग लिया था, जिसका उद्देश्य उन्हें प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा में सफलता दिलाना था, जिसे दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। छात्रों को उनकी सफलता पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर, अखिलेश दीक्षित ने बधाई दी। उन्होंने कहा, 'हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की शानदार सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और संकल्प,आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के साथ मिलकर इन बेहतरीन परिणामों को संभव बना पाया है।

आकाश में, हम ऐसे पाठ्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करते हैं। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरणों के लिए उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं।'

जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने अंक सुधारने के कई मौके मिलते हैं। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का अवसर प्रदान करता है, जेईई मेन्स भारत के विभिन्न राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश द्वार है। जेईई एडवांस्ड में उपस्थित होने के लिए जेईई मेन्स में भाग लेना अनिवार्य है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) प्रवेश परीक्षाओं, साथ ही एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन तैयारी कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास दिलाकर शैक्षणिक लक्ष्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

# कस्बा क्षेत्र में जीपीएल गंगधार प्रीमियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**चौमहला 12 फरवरी।** कस्बा क्षेत्र में जीपीएल गंगधार प्रीमियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व प्रधान प्रतिनिधि डूंगरसिंह परमार ने फाइनल टीम विजेता व उपविजेता टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

फाइनल मुकाबला गंगधार सुपर किंग टीम द्वारा जीता टीम के स्पोंसर हीरा लाल वर्मा कप्तान पवन शर्मा उप कप्तान रोहित सुमन, राहुल डायमा, राहुल माली, गुलशन परमार, पुष्कर राठौर मांगीलाल, राजवीरसिंह रोहित,जयदीप,विष्णु शर्मा धीरपसिंह धारासिंह लोकेश शर्मा टीम के खिलाड़ी रहे साथ ही रोहित सुमन के द्वारा 30 बाल में 119 रन बनाए गए साथ ही मेनऑफ द मैच ओर मेन ऑफ द सिरीज को भी अपने नाम किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। खेल का हम सभी के जीवन में बड़ा महत्व है।

प्रथम पुरस्कार श्री बालाजी मित्र मंडल खेड़ा गंगधार कि ओर से द्वितीय पुरस्कार श्री नृसिंह मित्र मंडल की ओर से दिए गए। विजेता गंगधार



सुपर किंग उपविजेता गंगधार रॉयल किंग मेन ऑफ द सीरीज रोहित सुमन फाइनल मेन ऑफ द मैच रोहित सुमन उपविजेता गंगधार रॉयल किंग टीम गंगधार ने फाइनल मैच जीता दोनों टीमों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

इस दौरान कुमोद शर्मा सामाजिक प्रकृति सेवा आयोग सदस्य दशरथ नंदन पांडे पूर्व सरपंच राजेश नीमा गोपालसिंह लक्ष्मण सिंह राजू बैरागी राहुल माली सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# छठवीं रेलवे अंतर्विभागीय प्रतियोगिता, चौथे दिन 4 मैच खेले गए

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा स्व.श्री केशव एच कुलकर्णी की स्मृति में छठवीं रेलवे अन्तर्विभागीय प्रतियोगिता का आज चौथा दिन था। खेलकूद सचिव अजय कुमार चंदावत ने बताया कि आज मुख्य अतिथि एक्स ई.एन. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. धीरज, डॉ. अल्तमश, डी.ई.ई. जरनल सुनील चंदेल रहे। आज कुल 4 मैच खेले गए जिसमें 2 मैच रेलवे ग्राउंड पर और 2 मैच वर्कशॉप ग्राउंड पर खेले गए। पहले मैच में वर्कशॉप 11 व एस.एंड टी. पैंथर्स के बीच खेला गया इस एक तरफा मुकाबले में वर्कशॉप 11 की टीम विजयी रही, राम अवतार चौधरी को 3 ओवर में मात्र 8 रन देकर 6 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच वर्कशॉप रॉयल व सुपर वॉरियर्स 11 की टीम के बीच खेला गया। इस मैच में सुपर वॉरियर्स 11 विजयी रही, राहुल को उनकी




घातक गेंदबाजी के लिए मैन अश्वफ द मैच चुना गया इन्होंने 3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट हासिल किये।

तीसरा मैच वर्कशॉप ए व पावर 11 की टीम के बीच खेला गया इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वर्कशॉप ए ने विशाल 163 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में पावर 11 की टीम 72 रन पर ही ढेर हो गई। राजेश मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इन्होंने 3 ओवर में 5 रन देकर 5 विकेट लिए। चौथे व अंतिम मैच में मेडिकल की टीम का सामना टी.आर.ओ 11 से हुआ। इस मैच में इस मैच में टी.आर.ओ 11 की टीम विजयी रही।

संदीप गुर्जर को ताबड़तोड़ 22 बॉल पर 42 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी ओर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच वर्कशॉप और इंजीनियरिंग की टीम के बीच खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में इंजीनियरिंग की टीम ने 3–0 से मुकाबला अपने नाम कर खिताब जीत लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आर.सी. मीणा, रविंद्र शर्मा, चेतन शमा, अजय चंद्रावत, भूपेंद्र धाकड़, मट्टू लाल मीणा, राकेश मोहन सोनी, प्रमोद कुमार, मोरध्वज मीणा, कलाम मोहम्मद, निजाम समेत सैकड़ो मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

# जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम नखराली घूमर आयोजित

**कोटा,12 फरवरी।** जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम नखघ्राली घूमर बुधवार को एक निजी गार्डन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सभी महिलायें रंग बिरंगी राजस्थानी वेशभूषा में नजर आई। रैंप वॉक, हाउजी, ग्रुप गेम सहित सभी महिलाओं ने पार्टी का बहुत आनंद उठाया। शक्ति परिवार के सदस्यों द्वारा पधारो मेरे देश पर घूमर नृत्य किया गया। नखराली घूमर ज्योति माहेश्वरी को चुना गया।

अध्यक्ष ऋचा गुप्ता व सीनियर सदस्यों द्वारा नये सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरती मलिक तथा डॉ. ममता शर्मा का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में दिव्या गर्ग, प्रियंका गुप्ता,सरोज अग्रवाल, रुचिता जैन, निकिता, अर्पिता, ज्योति गुप्ता, प्रीना ताँबी,सुनीता खंडेलवाल, पारुल विजय, प्रीति व रोली पांडे आदि उपस्थित रही।

# आज यहां बिजली बंद रहेगी

**कोटा,12 फरवरी।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।

10:30 से दोपहर 3:30 बजे तक–

बालाजी मार्केट, एलआईसी बिल्डिंग, यूआईटी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज क्वार्टर,श्रीनाथपुरम सेक्टर–ए,नांता, गुलाब बाड़ी, कायनात नगर, क्रेशर एरिया, पीपली चौराहा,गौतम स्कूल, नारी निकेतन, इदगाह,करणी नगर, शंभुपुरा,राम नगर पत्थर मंडी,पीजीसीआईएल, सोडिया तलाई, बंजारा बस्ती

10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक–

विनोबा भावे नगर,आरोग्य नगर, गणेश नगर,बंसल स्कूल, कोटा विश्व विद्यालय,श्रीनाथपुरम सेक्टर बी और ए,जैन सर्जिकल अस्पताल आदि।

10:30 से दोपहर 12 बजे तक–

चाणक्यपुरी, टैगोर नगर, बॉम्बे योजना, खनिज भवन के आसपास, खनन कार्यालय, रानी लक्ष्मी बाई योजना आदि।

12.00 से शाम 5 बजे तक–

महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर 3 आदि।

10:30 से शाम 4:30 बजे तक–

वीर सावरकर नगर आदि।

10:30 से दोपहर 3 बजे तक–

भामाशाहमंडी आदि।

2.30 से शाम 5.00 बजे तक–

संतोष नगर आदि।

सुबह 11:30 से शाम 5 बजे तक–

अक्षत विला सोगरिया आदि।

सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक–

इंद्र विहार,पीएमएस अमेरिकन हॉस्पिटल, फ्रेंड्स बाजार इंद्र विहार आदि।

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक–

देवाशीष सिटी,अरावली विहार, अर्जुन कॉलोनी,तिलक स्कूल,नहर के पास,प्रताप नगर तृतीय,देवाशीष के पास,गोकुल कॉलोनी,गगन विहार, अक्षर धाम,मोती नगर स्पेशल, मोतीनगर,शेरा एन्क्लेव, आशियाना नगर,सनसिटी स्पेशल,संतोष नगर 1 और 2, थेकड़ा मुख्य सड़क,मुख्य थेकड़ा गांव आदि।

# जेईई मैन 2025 के पहले चरण के परिणाम घोषित

## मोशन को शानदार सफलता,11 स्टूडेंट ने हासिल किए मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल




**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,12 फरवरी।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मैन के पहले चरण के परिणाम में मोशन एजुकेक्शन के स्टूडेंट्स ने शानदार सफलता अर्जित की है। मोशन के 11 स्टूडेंट ने मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसके अलावा मोशन के 216 स्टूडेंट्स ने 99.5 परसेंटाइल या अधिक अंक अर्जित किए हैं।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि गत वर्ष 93.23 परसेंटाइल अंक हासिल करने वाले जनरल स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल माने गए थे। इस बार यह कट ऑफ 93 परसेंटाइल से ज्यादा रहने के आसार हैं। पहले चरण में मोशन के 11 हजार 19 स्टूडेंट्स ने जेईई मैन एग्जाम दिया था। उनमें 6 हजार 676 यानी 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने 93 परसेंटाइल या अधिक अंक हासिल किए हैं। इस तरह मोशन के 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल होंगे।

नितिन विजय ने बताया कि हमारे स्टूडेंट मधुर चोपड़ा,दिव्यांश गंगवार, अर्णव निगम, षिव निझावन, ज्ञान प्रकाश,नमन गोयल,अतिन गुप्ता,देवेश गौतम, पद्मनाभ पांडे, लक्ष्य, अमोघ दिनेश गजेरा ने मल्टीपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसी तरह रमित गोयल, सृजन अग्रवाल, अथर्व नाराचे, दिव्यांश अग्रवाल, लक्ष्य पाटीदार, कृष्णा टाक, आदित्य चौधरी, तनुज यादव, हेत सचिन सेठ, सक्षम दुबे, विनीत सिंघल, ध्रुव पाराशर, अभिषेक झा, मोहम्मद हसन और शिवम् सुनील विष्वेकर सहित 15 विद्यार्थियों ने 99.99 से 99.90 परसेंटाइल अंक हासिल किए हैं।

***जश्न में थिरके स्टूडेंट और फेकल्टी***

मोशन के इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित द्रोणा–2 कैम्पस में जेईई मेन–2025 में मिली सफलता का जश्न मनाया गया। ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी और डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव और अन्य सीनियर फेकल्टी ने टॉपर्स का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स और फेकल्टी ढोल पर जमकर थिरके और आतिशबाजी की गई।

***टॉपर्स ने दिए सफलता के टिप्स:–***

इस दौरान टॉपर्स ने बताया कि अंतिम एक–दो महीने में पढ़ाई कर सफलता हासिल नहीं की जा सकती। इसलिए क्लासरूम कोचिंग के साथ निरंतर सेल्फ स्टडी बहुत जरुरी है। प्रेक्टिस ही तैयारी को परफेक्ट बनती है। टॉपिक वाइज शार्ट नोट्स बनाकर नियमित रिवीजन से सफलता की राह आसान बनी। सक्सेस के लिए फैकल्टीज की गाइडलाइंस को फॉलो और फोन का पॉजिटिव उपयोग किया। उन्होंने बताया कोटा का माहौल और मोशन का सिस्टम काफी अच्छा है और सपने साकार करने के लिए यहां हर संसाधन है। फैकल्टीज एक्सपीरियंस्ड व बेस्ट होने के साथ सपोर्टिव हैं। मॉक टेस्ट, प्रोत्साहन वाला माहौल मोशन को बेस्ट बनाते हैं।

***12 सवाल हुए ड्रॉप:–***

नितिन विजय ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सोमवार शाम फाइनल आंसर–की जारी कर दी थी। एजेंसी ने मानवीय या तकनीकी गड़बड़ी के कारण फाइनल आंसर–की में 12 सवाल हटाए थे। इनमें से आठ फिजिक्स और 2–2 सवाल केमिस्ट्री तथा मैथ्स के थे। अगर किसी एमसीक्यू में कोई भी विकल्प सही नहीं है या प्रश्न गलत है अथवा प्रश्न हटा दिया गया है, तो सभी उम्मीदवारों को, चाहे उन्होंने उस सवाल को हल किया हो या नहीं, पूरे अंक मिले हैं।

गौरतलब है कि जेईई मैन एग्जाम 22 जनवरी से 30 फरवरी के बीच आयोजित किया गया था। जेईई मेन सत्र–1 पेपर–1 की परीक्षा के लिए कुल 13 लाख 11 हजार 544 स्टूडेंट्स ने पंजीकरण किया था। इनमें से 12 लाख 58 हजार 136 (95.93 फीसदी) परीक्षा में शामिल हुए। इसमें जनरल कैटेगरी के 4 लाख 66 हजार 358, ईडब्ल्यूएस के 1 लाख 38 हजार 699, ओबीसी के 4 लाख 90 हजार 275, एससी के 1 लाख 22 हजार 845 और एसटी के 39 हजार 959 स्टूडेंट थे। कैटेगरी वाइज भी 100 पर्सेंटाइल वाले स्टूडेंट्स की सूची जारी की गई है। ऑल इंडिया रैंक जेईई सेशन 2 एग्जाम के बाद ही जारी किए जाएंगे। ये एग्जाम एक से आठ अप्रैल के बीच होगा। जेईई मेन सेशन 2 एग्जाम के लिए 25 फरवरी तक फॉर्म भरा जा सकता है। जेईई मैन स्कोर की मदद से देश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में बीई, बीटेक और बीआर्क कोर्सेस में एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

***पर्सेंटेज और परसेंटाइल में अंतर:–***

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के अनुसार किसी स्टूडेंट का एनटीए परसेंटाइल स्कोर यह बताता है कि उस परीक्षा में शामिल होने वाले कितने प्रतिशत स्टूडेंट्स के मार्क्स उससे कम आए हैं। यही वजह है कि हर सेशन के टॉपर को 100 पर्सेंटाइल मिलते हैं। पर्सेंटेज का मतलब, हर सब्जेक्ट में 100 में से स्टूडेंट को कितने मार्क्स मिले जबकि पर्सेंटाइल का मतलब होता है कि कितने प्रतिशत स्टूडेंट्स के मार्क्स आपसे कम हैं। मान लीजिए कि आपने 90% स्टूडेंट्स से ज्यादा मार्क्स हासिल किए हैं तो आपका परसेंटाइल 90% होगा।

## राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी 2 को कोटा आएंगे जनमंच के कार्यक्रम को करेंगे सम्बोधित



**कोटा,12 फरवरी।** भाजपा के ख्यातनाम प्रवक्ता,राज्यसभा सांसद एवं सनातन के ओजस्वी वक्ता सुधांशु त्रिवेदी 2 मार्च को कोटा प्रवास पर रहेंगे। जितेंद्र गोयल तथा रवि अग्रवाल ने बताया कि सुधांशु त्रिवेदी कोटा के दशहरा मैदान में भारत विकास परिषद् एवं जनमंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

भारत विकास परिषद सुभाष शाखा की बुधवार को हुई आमसभा में कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें जनमंच अध्यक्ष के जितेंद्र गोयल ने कहा कि सुधांशु त्रिवेदी जग प्रसिद्ध, अपने विचारों के धनी, हिन्दुत्व को बदनाम करने वालों का पर्दाफाश करने वाले सनातनी, राज्यसभा के सम्मानित सदस्य हैं। बैठक में जनमंच अध्यक्ष जितेंद्र गोयल,गोविंद माहेश्वरी,सुरेश अग्रवाल,शाखा अध्यक्ष तेजेश–रीमा,सचिव विकास–सौम्या,सतीश ज्योति, दीप–अभिलाशा,प्रवीण–उषा, विष्णु–शशि,कमल– उमादेवी, वेदप्रकाश,बालमुकुंद,मुकुट बिहारी, अनिल, रवि अग्रवाल उपस्थित रहे।

# मनोज दुबे तालाब बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**कोटा,12 फरवरी।** मनोज दुबे को तालाब बचाओ संघर्ष समिति का अध्यक्ष चुना गया है। आज जल संरक्षण के लिए समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओ की बैठक मे तालाब बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया है। जो कुंओं तालाबों एवं बावडियों को बचाने के लिए आंदोलन करेंगी। तालाब बचाओ संघर्ष समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा की भारत में जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय है। तथा तालाबों का अवैध भरान भी चिंता का विषय है।तालाब बचाओ संघर्ष समिति तालाबों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण का पुरजोर विरोध करेंगी। तालाबों पर हो रहे अवैध अतिक्रमणो को खाली करवाकर तालाबों के स्वरुप मे लाया जाएगा। मनोज दुबे ने कहा की तालाब जल संरक्षण का बहुत बड़ा स्रोत है। हमारे भू जल को बनाए रखने मे तालाबों की बहुत बड़ी भूमिका है। तालाब रहेंगे तो हमें जल मिलता रहेगा। तालाब नस्ट होंगे तो हमें पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा।तालाबों पर भूमाफियाओं के द्वारा लगातार हो रहे अवैध अतिक्रमण चिंता का विषय है। जिस ओर सरकार व जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर तालाबों से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

मनोज दुबे ने कहा की तालाब जहाँ बरसात के पानी को बचाने व



जल स्तर को बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते है। वही गांव बस्तियों को भारी वर्षा के कारण आने वाली बाढ़ से भी बचाव करते है। ऐसे मे तालाब हमारे लिए बहुत उपयोगी है। तालाबों को बचाने व संरक्षण की अतिआवश्यक है।


राजस्थान सरकार
(जल संसाधन विभाग)

कमांक 25/भ.अ./ ज.स./2023/133 — दिनांक: 23/01/2025

**विज्ञप्ति**

चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ घुघवा लघु सिंचाई परियोजना के बांध, बोरो एरिया एवं डूब क्षेत्र के निर्माण में आने वाली भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह विज्ञप्ति किया जाता है कि सूची में वर्णित इलाकों की भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। अत: यह विज्ञप्ति भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11–12 के अनुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जारी की जाती है जिनका इससे संबंध है।

उक्त धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उन समस्त अधिकारियों को, जिनका इससे संबंध है, को कुछ समय के लिए अपने सेवकों एवं श्रमिकों सहित उस क्षेत्र में प्रवेश करने, सर्वेक्षण करने तथा वे सब कार्य करने हेतु अधि त करती है, जो उक्त धारा में दर्शाये गये है।

कोई हितकारी व्यक्ति जिसे निम्नाकिंत क्षेत्र की किसी भूमि के अवाप्त करने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त विज्ञप्ति के राजपत्र में प्रकाशन होने के 60 दिन के अन्दर आपत्ति लिखित में भूमि अवाप्ति अधिकारी, जल संसाधन वृत, झालावाड़ को प्रस्तुत कर सकता है। विवरण संलग्न सूची के अनुसार। सलग्न:–सूची।

**भूमि का संक्षिप्त विवरण**

आज्ञा से,
(मुकेश कुमार गुप्ता)
उप सचिव एवं प्राव. सहायक
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन
राजस्थान जयपुर


प्रकाशक, मुद्रक, मालिक योगेश गुप्ता के लिए संकल्प प्रिंटिंग प्रेस स्टेशन रोड़ बारां से मुद्रित एवं पुराने एम. जे. चिल्ड्रन स्कूल के पास मंगलपुरा झालावाड़ से प्रकाशित सम्पादक शिवम गुप्ता, प्रबंधक नरेश गोयल मो. 9413354218, 9414190940 फोन 07453–294218 (बारां), 9166201111 (झालावाड़)